Phone & Fax:– 01352530431, 01352531415

PWD UTTARAKHAND

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून

Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail- eicpwduk@nic.in

पत्रांकः– 1543/78 बजट(एस.डी.आर.एफ.)/2017–18 दिनांक 23 .12.2017

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
टिहरी/देहरादून/पौड़ी।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2017–18 में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों तथा सेतुओं के पुनर्निर्माण /तात्कालिक मरम्मत हेतु राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.) के अन्तर्गत 26 नं0 कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय तथा व्यय की स्वीकृति।

सन्दर्भः– शासनादेश संख्या 1808/XVIII–(2)/17–12(4)/2013टी0सी0 दि0 18.08.2017 ।

उपरोक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 18.08.2017 द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 में मानसून अवधि के दौरान भारी वर्षा, भूस्खलन, प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त मार्गो/ सेतुओं के पुनर्निर्माण एवं बन्द मार्गों को तात्कालिकता के आधार पर यातायात हेतु खोले जाने के लिए लोक निर्माण विभाग को ₹ 25.00 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है। क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ताओं द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणनों के सापेक्ष राज्य आपदा मोचन निधि के कार्यों हेतु निर्धारित मानकों के अन्तर्गत गठित निम्नलिखित 26 नं0 आगणनों पर ₹ 170.98 लाख (₹ एक सौ सत्तर लाख अठान्वैं हजार मात्र) की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति निम्नांकित शर्तों के अधीन प्रदान की जाती हैः–

(i) कार्य कराने से पूर्व नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक होगी, बिना प्राविधिक स्वीकृति के कार्य प्रारम्भ न किया जाय।

(ii) स्वीकृत धनराशि का उपयोग उन्हीं मदों/कार्यों में किया जायेगा, जोकि एस0डी0आर0एफ0 के दिशा–निर्देशों में अनुमन्य है।

(iii) स्वीकृत कार्यों में से 5 प्रतिशत कार्यों का सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारियों द्वारा स्वविवेकानुसार (Randomly) चयन करते हुए Third Party जॉच करायी जायेगी व आख्या शासन को उपलब्ध कराई जायगी।

(iv) इस योजना में स्वीकृत कार्यों को प्रारम्भ करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय, कि चयनित कार्यों हेतु अन्य विभागीय योजनाओं अथवा अन्य विभागों के बजट से कोई धनराशि स्वीकृत नही की गयी है। यदि धनराशि स्वीकृत की गयी हो तो उसे समायोजित करते हुए अवशेष धनराशि एस0डी0आर0एफ0 मद में प्राप्त आवंटन से व्यय की जायेगी।

(v) स्वीकृत धनराशि तात्कालिक प्रवृत्ति के पुनर्निर्माण/तात्कालिक कार्यों हेतु उपयोग की जायेगी। नवनिर्माण के कार्यों में विषयक योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि का उपयोग कदापि न किया जाय।

(vi) स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु वित्तीय हस्त पुस्तिका के सुसंगत नियमों, बजट मेनुअल तथा उत्तराखण्ड प्रोक्यौरमेंट रूल्स–2017 एवं उक्त के विषय में समय–समय पर निर्गत समस्त दिशा–निदेशों का कडाई से अनुपालन किया जायेगा।

(vii) स्वीकृत धनराशि वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु है, अतः स्वीकृत धनराशि का पूर्ण उपयोग दिनांक 31.03.2018 तक अनिवार्य रूप से करते हुए कार्यों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जाय।

(viii) स्वीकृति प्रत्येक किमी. के लिए एस.डी.आर.एफ. हेतु निर्धारित मानकों के अनुसार जारी की जा रही है। अतः यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि किसी भी किमी. में मानक दर से अधिक व्यय न किये जाय।

(ix) इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017–18 में लोक निर्माण विभाग के अनुदान संख्या–6 के अंतर्गत लेखाशीर्षक 2245–प्राकृतिक विपत्तियों के कारण राहत–05–राज्य आपदा मोचन निधि (90% केन्द्र पोषित)–101–आरक्षित निधियों एवं जमा लेखों में अन्तरण एस.डी.आर.एफ–02–आपदा राहत निधि से व्यय–00–42–अन्य व्यय मद के नामें डाला जायेगा।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | मार्ग के क्षतिग्रस्त किमी0 | अनुमोदित लागत (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पौडी | निर्माण खण्ड दुगड्डा | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र लैन्सडौन के विकासखण्ड रिखणीखाल के विभिन्न मार्गों पर यातायात खोलने हेतु एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा मलवा निस्तारण का कार्य। | As per log book | 9.87 |
| 2 | पौडी | निर्माण खण्ड दुगड्डा | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड यमकेश्वर, दुगड्डा के विभिन्न मार्गों पर यातायात खोलने हेतु एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा मलवा निस्तारण का कार्य। | As per log book | 9.97 |
| 3 | पौडी | निर्माण खण्ड दुगड्डा | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के विभिन्न मार्गों पर यातायात खोलने हेतु एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा मलवा निस्तारण का कार्य। | As per log book | 5.58 |
| 4 | पौडी | प्रान्तीय खण्ड पौडी | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के अन्तर्गत पथराडाखाल–गैठीछेडा –दोंदल हल्का वाहन मोटर मार्ग की क्षतिग्रस्त दीवारों का निर्माण कार्य। | 13.00 | 9.80 |
| 5 | पौडी | प्रान्तीय खण्ड पौडी | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के अन्तर्गत पथराडाखाल–गैठीछेडा –दोंदल हल्का वाहन मोटर मार्ग की क्षतिग्रस्त दीवार, स्कपर एवं पहाड कटान का कार्य। | 14.00 | 15.00 |
| 6 | पौडी | निर्माण खण्ड पाबौ | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड एकेश्वर में मौन्दाड़ी–बग्याली मोटर मार्ग के कि0मी0 4 एवं 15.00 में दीवार निर्माण का कार्य। | 2.00 | 2.29 |

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | मार्ग के क्षतिग्रस्त किमी0 | अनुमोदित लागत (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | पौडी | निर्माण खण्ड पाबौ | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के विकासखण्ड पाबौं में साकरसैंण बरसीला बगड मोटर मार्ग के कि0मी0 1 व 2 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य। | 2.00 | 3.34 |
| 8 | पौडी | निर्माण खण्ड पाबौ | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विकासखण्ड एकेश्वर में नौगांवखाल सुरखेत तुनाखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 10,13,14 एवं 15 में क्षतिग्रस्त स्कपर एवं दीवार निर्माण का कार्य। | 4.00 | 7.14 |
| 9 | पौडी | निर्माण खण्ड पाबौ | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के बडेथ नौडी मोटर मार्ग के पुनःनिर्माण हेतु किमी0 1 एवं 4 में क्षतिग्रस्त दीवार एवं स्कपर के निर्माण का कार्य। | 2.00 | 3.06 |
| 10 | पौडी | निर्माण खण्ड पाबौ | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के अन्तर्गत पाबौ–संतुधार–नौगांवखाल–दमदेवल–चौबट्टाखाल –चौरीखाल मोटर मार्ग के किमी0 10,11,12,15 एवं 16 में क्षतिग्रस्त दीवारों व स्कपरों का निर्माण कार्य। | 5.00 | 8.26 |
| 11 | पौडी | निर्माण खण्ड पाबौ | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के अन्तर्गत दमदेवल–कलगडी–र्खिसू–खेडाखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 5,8,9,11,12,13,55 व 56 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य। | 8.00 | 7.01 |
| 12 | पौडी | निर्माण खण्ड पाबौ | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर में स्योली झरेउ किमोली भैंसवाडा नौला मोल्काखाल मोटर मार्ग के पुनःनिर्माण हेतु कि0मी0 1 व 2 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य। | 2.00 | 2.34 |
| **योग जनपद पौड़ी** | | | | **52.00** | **83.66** |
| 1 | देहरादून | अस्थाई खण्ड सहिया | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड कालसी में गास्कीगाड–गडोग–सकरौल मोटर मार्ग के कि0मी0 05 में क्षतिग्रसत दीवार का कार्य एवं मलवा सफाई। | 1.00 + मलवा सफाई सहित | 2.33 |
| 2 | देहरादून | अस्थाई खण्ड सहिया | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड कालसी में लखवाड लिंक मोटर मार्ग के कि0मी0 01 X.S. 0/28 में यातायात खोलने हेतु दीवार निर्माण का कार्य। | 1.00 + मलवा सफाई सहित | 3.73 |

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | मार्ग के क्षतिग्रस्त किमी0 | अनुमोदित लागत (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | देहरादून | अस्थाई खण्ड सहिया | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड कालसी बिजऊ—क्वथा—खतार मोटर मार्ग के किमी0 6 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुनःनिर्माण कार्य एवं मलवा सफाई। | 1.00 + मलवा सफाई सहित | 4.45 |
| 4 | देहरादून | अस्थाई खण्ड सहिया | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड कालसी में कालसी—बैराटखाई मोटर मार्ग के कि0मी0 6, 20 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुनःनिर्माण एवं मलवा सफाई | 2.00 + मलवा सफाई सहित | 6.11 |
| 5 | देहरादून | अस्थाई खण्ड चकराता | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता के विकासखण्ड चकराता में अणु—चिल्हाड अपर मोटर मार्ग के कि0मी0 03 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुननिर्माण कार्य। | 4.00 | 7.26 |
| 6 | देहरादून | अस्थाई खण्ड चकराता | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता के अन्तर्गत पुरोडी—रावना—डामटा मोटर मार्ग के किमी0 1 से 20 में क्षतिग्रस्त दीवार एवं कॉजवे का पुनःनिर्माण कार्य। | 6.00 | 13.80 |
| 7 | देहरादून | अस्थाई खण्ड चकराता | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता के अन्तर्गत मेधाड—मुण्डा मोटर मार्ग के कि0मी0 2 में क्षतिग्रस्त दीवार व अतिरिक्त पहाड कटान का कार्य। | 5.00 | 8.90 |
| 8 | देहरादून | अस्थाई खण्ड चकराता | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता के अन्तर्गत क्यारापुल—सहिया मोटर मार्ग के कि0मी0 1,2,4 व 5 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य। | 4.00 | 5.76 |
| 9 | देहरादून | अस्थाई खण्ड चकराता | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता के अन्तर्गत त्यूनी—पुरोला—नौगांव एस0एच0 17 मोटर मार्ग के किमी0 3,4,9 व 15 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य। | 4.00 | 9.16 |
| 10 | देहरादून | प्रान्तीय खण्ड देहरादून | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत जन्तनवाला—धौलास मोटर मार्ग में रनिंग स्लिप सफाई एवं गड्ढे भरने का कार्य। | 1.00 | 2.04 |
| **योग जनपद देहरादून** | | | | **29.00** | **63.41** |
| 1 | हरिद्वार | निर्माण खण्ड रूड़की | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017—18 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र पिरान कलियर में पिरान कलियर में बढेडी—राजपुताना से अलावलपुर | 7.00 | 6.96 |

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | मार्ग के क्षतिग्रस्त किमी0 | अनुमोदित लागत (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | हरिद्वार | निर्माण खण्ड रूड़की | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र पिरान कलियर में बहादराबाद–धनौरी–इमलीखेडा–भगवानपुर–गागलहेडी मार्ग के कि0मी0 10 से 18 के मध्य क्षतिग्रसत मार्ग का मरम्मत कार्य। | 7.00 | 8.23 |
| **योग जनपद हरिद्वार** | | | | **14.00** | **15.19** |
| 1 | उत्तरकाशी | प्रान्तीय खण्ड भटवाडी | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत मल्ला–सिल्ला मोटर मार्ग के कि0मी0 1 में क्षतिग्रस्त दीवारों का मरम्मत कार्य। | 1.00 | 1.67 |
| 2 | उत्तरकाशी | प्रान्तीय खण्ड उत्तरकाशी | एस.डी.आर.एफ. वर्ष 2017–18 के अन्तर्गत सिलक्यारा–बनगांव–चापडा–सरोट मोटर मार्ग के किमी0 21 से 25 में कॉजवे की क्षतिग्रस्त सुरक्षात्मक दीवार का पुननिर्माण कार्य। | 5.00 | 7.05 |
| **योग जनपद उत्तरकाशी** | | | | **6.00** | **8.72** |
| **कुल योग** | | | | **101.00** | **170.98** |

(एच0 के0 उप्रेती)
प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड शासन, महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय) कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. वित्त नियन्त्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
4. वरिष्ठ स्टाफ आफिसर–।।, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता/स्टाफ आफिसर, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. अधीक्षण अभियन्ता ..................वॉ वृत्त, लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड।
7. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय/निर्माण/अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड।
8. कनिष्ठ अभियन्ता (प्रा0), कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष